>

Title: Regarding acute shortage of water in Bundelkhand, Uttar Pradesh.

श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर): सभापति महोदय, मैं आज पानी और विशेषकर ड्रिंगकिंग वॉटर के बारे में बात करना चाहता हूँ। जैसा सिद्ध है कि कृषि से कनेक्टिड 65 प्रतिशत आबादी एग्रीकल्चर से लगी हुई है और हरेक में वृद्धि हुई लेकिन कृषि की 3.4 और 2.4 से ज्यादा ग्रोथ नहीं हुई है। मैं आपको बताना चाहता हूँ, पूरे सदन को और पूरे जग को मालूम है कि अगर तृतीय महायुद्ध होगा तो पानी की समस्या के लिए ही होगा। इस बार अगर किसी सब्जेक्ट की उपेक्षा हो रही है तो वह पानी की हो रही है। हमारे बुंदेलखण्ड में दो बड़ी-बड़ी नदियां हैं, बेतवा और जमुना। उसके साथ पांच छोटी-छोटी नदियां हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश दिया था कि दो नदी केन और बेतवा को मिला कर उस पर एक डैम बनाया जाए। उसका डीपीआर भी बन गया है। उस पर ऑर्डर भी हुआ है। लेकिन भारत सरकार उसको बनाने के बजाय उस पर रिव्यु और रिवीज़न कर रही है, जिससे देरी हो रही है। लेकिन उससे ज्यादा महत्वपूर्ण विषय है, जैसा कि हमारे संविधान के आर्टिकल 21 में लिखा है कि every citizen will have the right of life and liberty. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लाइफ मतलब not animal living. पेयजल की इतनी समस्या है।

कल जब हमने राष्ट्रपति जी का अभिभाषण पढ़ा तो उसमें इस बार पेयजल में सिर्फ पांच हज़ार करोड़ रूपये की व्यवस्था है। 28 या 30 प्रॉविंस के इस पूरे देश में अगर पांच हज़ार करोड़ रूपये पेयजल के लिए हैं तो छह हज़ार जिलों में मुश्किल से दो या चार वॉटर टैंक बन सकते हैं। हर दस लड़कों में से छह लड़कों में वॉटर बॉर्न बीमारी है। मैं यह कहता हूँ कि मेंबर ऑफ पार्लियामेंट द्वारा हैण्ड पंप लगाने की जो व्यवस्था है, उसमें भी कोताही है। अगर कोई मेंबर ऑफ पार्लियामेंट सत्ता पक्ष से नहीं है, तो हम लोगों की रेकमेंडेशन से हैण्ड पंप भी नहीं लगता है। मैं एक ज़ोरदार मांग करना चाहता हूँ कि केंद्र से एक व्यवस्था की जाए कि पूरे आवाम में वॉटर टैंक द्वारा पानी की व्यवस्था का युद्धस्तर पर काम हो। आज भी जो हैण्ड पंप से पानी ले रहे हैं, जब गर्मियों में 50-40 प्रतिशत वॉटर लेवल डाउन हो जाता है तो पानी नहीं निकलता है। महोदय, मैं सदन के माध्यम से यह मांग करना चाहूंगा कि हर मेंबर ऑफ पार्लियामेंट को इरेस्पेक्टिव ऑफ हिज पार्टी पोजीशन कम से कम एक हजार हैंड पंप का अधिकार मिलना चाहिए। दूसरा, पूरे क्षेत्र में जैसे बिजलीकरण की एक व्यवस्था हो रही है, वाटर टैंक द्वारा पानी की सप्लाई की व्यवस्था हो, अदरवाइज तीसरे महायुद्ध में यह सब, यह पार्टी और यह पॉवर सब रखा रह जाएगा।